R.U. Inter College Volleyball (Men) Tournament

Chief Guest :	**Dr. Ajit Kr. Sinha , VC, Ranchi University, Ranchi**
Date :	**30-10-2023 at 1:00 PM**
Venue :	**St Xavier's College Ground**
Winner :	**St. Xavier's College, Ranchi**
Runner Up :	**Gossner College, Ranchi**

RANCHI UNIVERSITY
ESTD. 1944

इंटर कॉलेज वॉलीबॉल प्रतियोगिता में सेंट जेवियर्स बना विजेता

रांची। इंटर कॉलेज वॉलीबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला सोमवार को सेंट जेवियर्य कॉलेज मैदान में हुआ। फाइनल मैच सेंट जेवियर्स कॉलेज बनाम गोस्सनर कॉलेज के बीच खेला गया। सेंट जेवियर्स कॉलेज ने यह मैच 3-0 (25-17, 25-20, 25-13) से जीत लिया। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी शशि कुमार (एसएक्ससी, रांची) और टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी अनिकेत टोप्पो, (एसएक्ससी रांची) थे।

फाइनल मैच के मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा थे ने खिलाड़ीयों को सम्मानित किया। इस मौके पर सम्मानित अतिथि दयानंद कुमार, इंस्पेक्टर, लोअर बाजार थाना डॉ. फादर. नबोर लकड़ा प्रिंसिपल, सेंट जेवियर्स कॉलेज, डॉ. फादर। रॉबर्ट प्रदीप कुजूर उप-प्रिंसिपल, सेंट जेवियर्स कॉलेज, डॉ. फादर। अजय मिंज उप-प्रिंसिपल इवनिंग सेक्शन, सेंट जेवियर्स कॉलेज, बी.के. सिन्हा (परीक्षा नियंत्रक, एसएक्ससी, राम मुर्मू और कॉलेज के छात्र उपस्थित थे।

जेवियर्स कॉलेज बना अंतर कॉलेज वॉलीबॉल चैंपियन

लाइफ रिपोर्टर @ रांची

संत जेवियर्स कॉलेज सोमवार को रांची विवि अंतर कॉलेज वॉलीबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मैच में गोस्सनर कॉलेज को हराकर चैंपियन बन गया. संत जेवियर्स कॉलेज की टीम ने गोस्सनर कॉलेज की टीम को 3-0 (25-17, 25-20, 25-13) से हरा दिया. प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब संत जेवियर्स कॉलेज के खिलाड़ी शशि कुमार को मिला, जबकि प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट का खिताब संत जेवियर्स कॉलेज के ही अनिकेत टोप्पो को मिला. फाइनल मैच के मुख्य अतिथि रांची विवि के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा सहित लोअर बाजार इंस्पेक्टर दयानंद कुमार, प्राचार्य डॉ फादर नोबोर लकड़ा, उप प्राचार्य डॉ फादर रोबर्ट प्रदीप कुजूर, डॉ फादर अजय मिंज ने विजेता खिलाड़ी को पुरस्कृत किया. इस अवसर पर बीके सिन्हा, फादर संजय केरकेट्टा, राम मुर्मू, धीरज मणि पाठक, अनुज डुंगडुंग सहित कई लोग उपस्थित थे.

रांची विवि अंतर कॉलेज वॉलीबॉल टूर्नामेंट के विजेताओं को किया गया पुरस्कृत.

भौतिकी में शोध पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन जनवरी में

रांची. संत जेवियर्स कॉलेज के भौतिकी विभाग की ओर से प्रथम अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन 20 से 22 जनवरी तक किया जायेगा होगा. इसका विषय "एडवांस इन नॉवेल मैटेरियल्स : टूवर्ड्स सस्टेनेबल फ्यूचर" होगा. कंडेंस्ट मैटर रिसर्च सोसाइटी (सीएमआरएस) के सहयोग से सम्मेलन में देश-विदेश से वक्ता शामिल होंगे. जहां मैटेरियल साइंस और नैनो टेक्नोलॉजी के विकास पर चर्चा होगी. सम्मेलन के आयोजन को लेकर रांची यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो अजीत कुमार सिन्हा को मुख्य संरक्षक बनाया गया है. वहीं, विवि के भौतिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ संजय कुमार डे सम्मेलन के सह-संरक्षक होंगे. यह जानकारी सोमवार को संत जेवियर्स कॉलेज के भौतिकी विभाग के एचओडी डॉ संजय कुमार ने दी. उन्होंने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य फिजिक्स के क्षेत्र में हो रहे आधुनिक व नये शोध का प्रचार करना और आपस में जानकारी साझा करना है.

प्रभात खबर Tue, 31 October 2023
https://epaper.prabhatkhabar.com/c/73793806

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT

उत्साह

सेंट जेवियर्स कॉलेज में वालीबॉल मैच का आयोजन किया गया, जहां रोमांचक मुकाबला देखने को मिला. वहीं, इस दौरान ऑडियंस में वालीबॉल मैच को लेकर गजब का एक्साइटमेंट देखने को मिला.